पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

योग विश्व को भारत का दिया हुआ सबसे बड़ा उपहार है - राज्यपाल

लखनऊः 27 जून, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय में आयोजित 36वीं उत्तर प्रदेश राज्य योगासन स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप का उद्घाटन किया। तीन दिवसीय चैम्पियनशिप में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से प्रतिभागी सम्मिलित हो रहे हैं। इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य एवं योगासन चैम्पियनशिप के अध्यक्ष श्री अनिल अग्रवाल, श्रीमती अलका दास गुप्ता, श्री विराज दास गुप्ता, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 ए0के0 मित्तल सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

राज्यपाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि योग विश्व को भारत का दिया हुआ सबसे बड़ा उपहार है। बीमारी न हो योग उसका एक माध्यम है। योग जीवन में स्वस्थ रहने की कला सीखाता है। योगासन करने के लिए किसी तरह को कोई उपकरण या खर्च नहीं आता है। आम आदमी के लिए योग सबसे आसान और सस्ता व्यायाम का तरीका है। उन्होंने कहा कि योग केवल शरीर ही नहीं मन को भी स्वस्थ और शांत रखता है।

श्री नाईक ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने योग की महत्ता को समझते हुए विश्व पटल पर योग को मान्यता दिलाई है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया है। दुनिया में योग करने वालों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। योग को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने का श्रेय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को जाता है और वे इसके लिए बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति सबसे प्राचीन एवं समृद्ध संस्कृति है जिसकी कला, साहित्य और दर्शन सबसे श्रेष्ठ है।

चैम्पियनशिप के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद श्री अनिल अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने योग की जो अलख जगाई है उसके लिए वह अभिनंदनीय हैं। योग का मतलब जोड़ने का होता है। योग मनुष्य के तन एवं मन को स्वस्थ रखते हुए शांति प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि योग से सकारात्मक ऊर्जा का स्तर भी बढ़ता है।

राज्यपाल ने इस अवसर पर कुलपति प्रो0 ए0के0 मित्तल, डॉ0 सुनील कुमार, डॉ0 अशोक राणा, श्री यश पराशर, श्री अभिषेक त्यागी, श्री लक्ष्मीकांत शुक्ला, डॉ0 विनीता, डॉ0 वनिता, श्री गगनवीर व अन्य को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया।

अंजुम/ललित/राजभवन(257/34)

36th UTTAR PRADESH
STATE YOGA SPORTS CHAMPIONSHIP
OPENING CEREMONY
ORGANISED BY
UP YOGA ASSOCIATION
GUEST OF HONOUR
CHIEF GUEST
27th to 29th JUNE, 2018
VENUE: